CAREERINDIA

SL. No. : X

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 64 ]
Total No. of Questions : 64 ]

**CCE PF**
**CCE PR**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **06-H**

**Code No. : 06-H**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**(ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ + ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Fresh + Private Repeater)**

ದಿನಾಂಕ : 30. 03. 2017 ]
[ Date : 30. 03. 2017

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-45 ರವರೆಗೆ ]
[ Time : 9-30 A.M. to 12-45 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 125 ]
[ Max. Marks : 125

www.careerindia.com

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 64 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here

CAREERINDIA



## विभाग "A"

### गद्य, पद्य, पोषक अध्ययन - ( 92 अंक )

I. निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 16 × 1 = 16

1. पुरुषोत्तम की पत्नी कौन थी ?
2. भ्रष्टाचार, सदाचार कहाँ होता है ?
3. महात्मा गाँधीजी ने सत्याग्रह आश्रम की नींव कहाँ रखी ?
4. लोटा कितने रुपयों में बिका ?
5. मैसूरु राज्य कब से 'कर्नाटक राज्य' कहलाने लगा ?
6. केवट किसकी सौगन्ध लेता है ?
7. मीरा अपने आपको किसकी दासी मानती है ?
8. अनदेखे अरूप ने कवि अज्ञेयजी से क्या उधार माँगा ?
9. बड़े भाई साहब एक साल का काम कितने सालों में करते थे ?
10. लाहौर से सहारनपुरवाली यात्रा में यात्री किस पहेली को सुलझाने की चेष्टा कर रहे थे ?
11. आज के युग को क्या कहकर सम्बोधित किया जाता है ?
12. शिवाजी ने संभाजी को किसके पास छोड़ा था ?
13. कर्नाटक कुल पुरोहित के नाम से कौन प्रसिद्ध है ?
14. मीठे वचन से क्या हो सकता है ?
15. नाव के स्त्री में बदल जाने से केवट का क्या होगा ?
16. माहन कहाँ खड़े रहकर बांसुरी बजाते थे ?

II. निम्न प्रश्नों के उत्तर **दा** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 16 × 2 = 32

17. रुपया लड़कों के लिए क्या है ? वह बूढ़ों का सहारा कैसे बन सकता है ?
18. गाँधीजी के परिवार का परिचय दीजिए ।
19. बच्चों की बुनियादी आवश्यकताएँ कौन-कौन सी हैं ?
20. प्रेमचन्दजी ने नारी के महत्व को बताते हुए क्या लिखा है ?
21. स्वच्छ शिला पर कौन और क्यों बैठा है ?
22. जग का नव निर्माण किस प्रकार करें ?
23. पिछड़ा आदमी अलग बैठा क्या करता था ? वह कब मारा गया ?
24. टाइम टेबल बनाने से क्या समस्या हुई थी ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



25. विज्ञान मानव के लिए वरदान है । समर्थन कीजिए ।
26. तावीज़ कहाँ और कैसे बनाया गया ?
27. कठियावाड़ तथा भारत की जनता गाँधीजी की ओर क्यों आकृष्ट हुई ?
28. बच्चों पर किए जा रहे अत्याचारों का ब्योरा दीजिए ।
29. राशनिंग दफ्तर के स्थानान्तरण से लेखक को क्या परेशानी हुई ?
30. धरती अपना आनन्द कैसे प्रकट कर रही है ?
31. मानव किन-किन का शिकार बना है ?
32. पिछड़ा आदमी चुप कब रहता था ? सबके चलने पर कहाँ रह जाता था ?

III. निम्न वाक्यों के संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $6 \times 3 = 18$

33. ''पूजा के पश्चात् भोजन तक मैं किसी वस्त्र आदि का स्पर्श नहीं करता ।''
    - i) पाठ का नाम :
    - ii) लेखक का नाम :
    - iii) व्याख्या :
34. ''इस विशाल विश्व में यदि कोई ईश्वर हो तो मैं हूँ, धर्म हो तो मैं हूँ, प्रेम हो तो मैं हूँ ।''
    - i) पाठ का नाम :
    - ii) लेखक का नाम :
    - iii) व्याख्या :
35. ''घायल की गति ....................................................

    .............................................. जिण जौहर होय ।''
    - i) कवयित्री का नाम :
    - ii) पद्य का नाम :
    - iii) व्याख्या :
36. सारे जहाँ से ........................................................

    ................................................ गुलसिता हमारा ।
    - i) कवि का नाम :
    - ii) पद्य का नाम :
    - iii) व्याख्या :

www.careerindia.com

CAREERINDIA



37. "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः
    यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वस्तत्राफलाः क्रियाः ।"
    i) पाठ का नाम :
    ii) किसने किससे कहा :
    iii) व्याख्या :

38. अनदेखे अरूप ..........................................
    .................................. यह याचक कौन है ?
    i) कविता का नाम :
    ii) कवि का नाम :
    iii) व्याख्या :

IV. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए : 2 × 3 = 6

39. हरिशंकर परसाई :
    i) जन्म-काल :
    ii) कृतिया :
    iii) अन्य जानकारियाँ :

40. तुलसीदास :
    i) जन्म-काल :
    ii) कृतियाँ :
    iii) अन्य जानकारियाँ :

V. निम्नलिखित पद्य भाग की पूर्ति कीजिए : 4

41. आसरा मत ..............................................................................
    ........................................................................................
    ........................................................................................
    ........................................................................... में राग ।

**अथवा**

राग से ...................................................................................
........................................................................................
........................................................................................
...................................................................... अपनी चाल ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



VI. निम्नलिखित पद्य भाग का सारांश लिखिए : 4

42. जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग ।
चन्दन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग ।।

**अथवा**

सबसे उधार माँगा, सबने दिया,
यों मैं जिया और जीता हूँ,
क्योंकि यही सब तो है जीवन ।

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **छः-सात** वाक्यों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

43. जहाँगीरी अण्डे के बारे में अंग्रेज ने क्या बताया ?

**अथवा**

चम्पारण की समस्या क्या थी ? गाँधीजी ने उसका निवारण किस प्रकार किया ?

44. वेंकटराव के जीवन में नया मोड़ कैसे आया ?

**अथवा**

राष्ट्र की प्रगति में 'स्त्री शिक्षा' का क्या महत्व है ?

VIII. निम्न प्रश्न का उत्तर **छः -सात** वाक्यों में लिखिए : 4

45. माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्रीकृष्ण अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार व्यक्त करते हैं ?

## विभाग "B"

## व्याकरण, अलंकार, छन्द - ( 20 अंक )

IX. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $10 \times 1 = 10$

46. 'जननी' शब्द का अन्य लिंग रूप है

(A) जनाब (B) जनन
(C) जनक (D) जानक ।

47. 'सफल' शब्द का विलोम शब्द है

(A) विफल (B) सबल
(C) साफल्य (D) पराजित ।

48. 'टोकरी' शब्द का बहुवचन रूप है

(A) टोकरीयाँ (B) कई टोकरी
(C) टोकरों (D) टोकरियाँ ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



49. 'कण्ठ' शब्द का समानार्थक शब्द है

    (A) सिर (B) गला

    (C) पैर (D) ज़बान ।

50. 'सुन्दर' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है

    (A) शानदार (B) सुन्दरता

    (C) सुन्दरी (D) सौन्दर ।

51. 'बेईमान' रेखांकित वर्ण इनमें है

    (A) उपसर्ग (B) प्रत्यय

    (C) क्रिया (D) धातु ।

52. 'देशोत्थान' शब्द, किस संधि का उदाहरण है ?

    (A) वृद्धि संधि (B) दीर्घ संधि

    (C) यण् संधि (D) गुण संधि ।

53. बेटा, जल्दी चलो । रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से है

    (A) विशेषण (B) क्रिया

    (C) क्रिया विशेषण (D) सर्वनाम ।

54. गुरुजी ने कहा .......... सबको सच बोलना चाहिए । रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।

    (A) के (B) कि

    (C) की (D) से ।

55. 'चलना' किस क्रिया का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है ?

    (A) चलाना (B) चाल

    (C) चलवाना (D) चलन ।

X. प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद से संबंधित पद लिखिए : $4 \times 1 = 4$

56. धर्मरक्षा : तत्पुरुष समास :: त्रिपुण्ड : ....................................... ।

57. का : सम्बन्ध कारक चिह्न :: ने : ....................................... ।

58. हम : सर्वनाम :: कृष्ण : ............................... ।

59. किशन फल खाएगा : भविष्यत् काल :: किशन फल खा रहा : ............................. ।

XI. मात्राएँ लगाकर छन्द का लक्षण बताइए : 3

60. तनिक सीत जल सो मिटै, जैसे दूध उफान ।

XII. अलंकार पहचानकर समझाइए : 3

61. मनि मुन्दरी मन मुदित उतारी ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



## विभाग "C"

### रचना - ( 13 अंक )

XIII. अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$

62. (a) हाथ बँटाना :

(b) तिलांजली देना :

XIV. 63. पत्र लेखन : $1 \times 5 = 5$

अपनी पढ़ाई की जानकारी देते हुए अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपनी अस्वस्थता का कारण बताकर चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने कक्षाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

XV. निबंध लेखन : $1 \times 5 = 5$

64. किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

i) मेरे प्रिय नायक

ii) प्रदूषण की समस्या

iii) दीपावली ।

www.careerindia.com

www.careerindia.com